आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 07.12.2020

आरेडिका में भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर जी के 65वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयेजन किया गया

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 65वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन एमसीएफ, तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र प्रेक्षागृह में दिनांक 07.12.2020 को किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ एमसीएफ के महाप्रबंधक श्री वी.एम. श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया।

एमसीएफ के अधिकारियों, पर्यवेक्षको एवं कर्मचारियों ने भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी को माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

एमसीएफ महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन एवं उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों के ऊपर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के विचार आज भी समाज मे प्रासांगिक हैं और समाज उनके आदर्शो पर चलें यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर एमसीएफ के एससी/एसटी एसोसिएसन के पदाधिकारी श्री रुकमकेश मीना, श्री देवनाथ निर्मल एवं एमसीएफ के विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा सभी ने इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडर जी के देश के लिए किए गये योगदान एवं उनके व्यक्तित्व के संबंध में अपने वक्तव्य प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगो के बीच रखे।

पी.सी.ई सह पी.सी.पी.ओ श्री रामबृक्ष यादव के द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया तथा एसपीओ, श्री अनिल कुमार यादव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर एमसीएफ के प्रधान विभागाध्यक्ष, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

7/12/2020

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी